संख्या- 25/2024/14/छप्पन-2024-56-1099/2/2024

प्रेषक,

आनन्द कौशिक,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 21 फरवरी, 2024

विषय: नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के स्थायी विद्युत संयोजन (East Sub Station) 33 केवी विभव पर स्वीकृत विद्युत भार 19.5 MVA (HV-1) को निर्गत किए जाने हेतु प्रस्तावित 33 केवी लाइनों के निर्माण हेतु प्राक्कलित धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक 298/ना0उ0नि0-2024-116/2016 दिनांक 03 जनवरी, 2024 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जेवर एयरपोर्ट के स्थायी विद्युत संयोजन (East Sub Station) 33 केवी विभव पर स्वीकृत विद्युत भार 19.5 MVA (HV-1) को निर्गत किए जाने हेतु प्रस्तावित 33 केवी लाइनों के निर्माण हेतु प्राक्कलित धनराशि रू0 27.43 करोड़ (रूपए सत्ताइस करोड़ तैंतालीस लाख मात्र) के वहन के सम्बन्ध में शासन से निर्णय लेने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जेवर एयरपोर्ट के स्थायी विद्युत संयोजन (East Sub Station) 33 केवी विभव पर स्वीकृत विद्युत भार 19.5 MVA (HV-1) को निर्गत किए जाने हेतु प्रस्तावित 33 केवी लाइनों के निर्माण हेतु प्राक्कलित धनराशि रू0 27.43 करोड़ (रूपए सत्ताइस करोड़ तैंतालीस लाख मात्र) पर अनुमोदन प्रदान करने के साथ ही NIAL में राज्य सरकार की 37.50% अंशधारिता के अनुसार रू0 10,28,62,500/- (रूपए दस करोड़ अठ्ठाईस लाख बासठ हजार पॉच सौ मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर के निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(1) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा प्रस्तावित धनराशि को आहरित कर किसी बैंक खाते में नहीं रखा जायेगा। अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा।

(2) निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रायोजना का सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही कार्य कराया जाएगा। कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी निदेशक, नागरिक उड्डयन की होगी।

(3) निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्ययोजना में सम्मिलित नहीं है तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृति नहीं की गई है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(4) बजट प्रावधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व निदेशक, नागरिक उड्डयन का होगा।

(5) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रश्नगत वित्तीय स्वीकृति जिस कार्य/मद हेतु की जा रही है, उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्य/मद हेतु किया जाएगा।

(6) निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति नहीं हो रही है।

(7) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 17 मार्च, 2023 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

(8) जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर को अवमुक्त की गई धनराशि रू0 10,28,62,500/- (रूपए दस करोड़ अठ्ठाईस लाख बासठ हजार पॉच सौ मात्र) का भुगतान उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड को किया जाएगा।

(9) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जेवर एयरपोर्ट के स्थायी विद्युत संयोजन (East Sub Station) 33 केवी विभव पर स्वीकृत विद्युत भार 19.5 MVA (HV-1) को निर्गत किए जाने हेतु प्रस्तावित 33 केवी लाइनों के निर्माण हेतु प्राक्कलित धनराशि रू0 27.43 करोड़ (रूपए सत्ताइस करोड़ तैंतालीस लाख मात्र) में से NIAL के शेष अंशधारकों यथा- नॉएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण/ग्रेटर नॉएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण/यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा भी अपनी-अपनी अंशधारिता के अनुसार धनराशि जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर को यथाशीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी।

3- उक्त स्वीकृत धनराशि रू0 10,28,62,500/- (रूपए दस करोड़ अठ्ठाईस लाख बासठ हजार पॉच सौ मात्र) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा तत्काल आवंटित कर जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर के निर्वतन पर रखी जाएगी। जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर द्वारा उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड को यथा आवश्यकतानुसार धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

4- उक्त धनराशि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान संख्या-38 के पूंजी लेखा लेखाशीर्ष ''5053-नागर विमानन पर पूंजीगत परिव्यय-02-विमानपत्तन-800-अन्य व्यय-21-जनपद गौतमबुद्धनगर के जेवर में अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की स्थापना-24-वृहत निर्माण कार्य'' से वहन की जाएगी।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या: ई-7-508/दस-2024, दिनांक 20 फरवरी, 2024 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किया जा रहा है।

भवदीय,
आनन्द कौशिक
अनु सचिव

संख्या- 25/2024/14 (1)/छप्पन-2024, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।

2- उप महालेखाकार/ई0एस0-।।।, आडिट भवन, टीसी-35-वी-1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-10

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3- अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा विभाग, उ0प्र0 शासन।

4- मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नॉएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण/ग्रेटर नॉएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण/यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे सन्दर्भगत प्रकरण में वांछित धनराशि रू0 27.43 करोड़ (रूपए सत्ताइस करोड़ तैंतालीस लाख मात्र) में से NIAL में अपनी-अपनी अंशधारिता के अनुसार धनराशि जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर के निवर्तन पर यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

5- आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ।

6- जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर।

7- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ/ मुख्य कोषाधिकारी, गौतमबुद्धनगर।

8- प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड को उनके पत्र संख्या 3907/सी0एम0यू0 (डी0)/एस0ई0-1/जेवर एयरपोर्ट दिनांक 05 दिसम्बर, 2023 के सन्दर्भ में।

9- कलैक्टर/अपर जिलाधिकारी(भू0अ0), गौतमबुद्धनगर।

10- विशेष कार्याधिकारी (श्री शैलेन्द्र कुमार भाटिया), नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट लि0/नोडल अधिकारी, जेवर एयरपोर्ट, गौतमबुद्धनगर।

11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7.

12- समीक्षा अधिकारी (बजट)/गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
आनन्द कौशिक
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।